June 2023

Monthly Magazine
Year 9 Issue 6

Satyug

नारायण रेकी सतसंग परिवार
In Giving We Believe

सतयुग

गुरु पौर्णिमा विशेषांक

हमारा उद्देश्य

"हर इंसान तन, मन, धन व संबंधों से स्वस्थ हो
हर घर में सुख, शांति समृद्धि हो व
हर व्यक्ति उन्नति, प्रगति व सफलता प्राप्त करे।"

वुधवार सतसंग

प्रत्येक वुधवार प्रात ११ वजे से ११.३० वजे तक

फेसवुक लाइव पर

सतसंग में भाग लेने के लिए नारायण रेकी सतसंग परिवार के फेसवुक पेज को ज्वाइन करें और सतसंग का आनंद लें।

नारायण गीत

नारायण-नारायण का उद्‌घोष जहाँ
राम राम मधुर धुन वहाँ
सबको खुशियाँ देता अपरम्पार,
जीवन में लाता सबके जो बहार
खोले, उन्नति, प्रगति, सफलता के द्वार,
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
हमारा एन.आर.एस.पी., प्यारा एन.आर.एस.पी.
प्यार, आदर, विश्वास बढ़ाता
रिश्तों को मजबूत बनाता, मजबूत बनाता
परोपकार का भाव जगाता
सच्चाई, नम्रता सेवा में विश्वास बढ़ाता
सत को करता अंगीकार
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
मुस्कान के राज बताता,
तन, मन, धन से देना सिखलाता
हमको जीना सिखलाता
घर-घर प्रेम के दीप जलाता
मन क्रम से जो हम देते वही लौटकर आता, वही लौटकर आता
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
एन.आर.एस.पी.,एन.आर.एस.पी.

।। 卐 ।।

पावन वाणी

प्रिय नारायण प्रेमियों,

।। नारायण नारायण ।।

गुरु की जीवन में बड़ी महिमा है। वह उस रोशनी के समान हैं जो जीवन में प्रकाश लाते हैं। हालांकि यह कोई औपचारिक पदवी नहीं है, हर वह व्यक्ति जिससे ज्ञान की प्राप्ति कर जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है, वही गुरु है। हमारे पहले गुरु होते हैं हमारे माता- पिता जो जन्म देने के साथ-साथ हमें हमारे अस्तित्व से परिचित कराते हैं । हमें जीवन के बुनियादी और अति आवश्यक कार्य करना सिखाते हैं और अच्छे संस्कार देकर हमें एक सार्थक जीवन के लिए तैयार करते हैं । दूसरा गुरु होता है हमारा परिवार जिससे आप संबंधों की घनिष्ठता सीखते हैं, प्यार, परवाह, एक-दूसरे की कद्र, भाईचारा और सौहार्द सीखते हैं । परिवार आपको अपनेपन के भावों से भरता है । तीसरा गुरु आपको अपने विद्यालय में मिलता है जो आपको किताबी ज्ञान प्रदान करता है ताकि आप पढ़-लिख कर एक शिक्षित व्यक्ति बनें जीवन और जीवन में मिलने वाले लोगों के प्रति एक समझदारी भरा सहयोग भरा दृष्टिकोण विकसित करते हुए भौतिक जगत की अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के योग्य बन सकें । चौथे गुरु होते हैं आपके मित्रगण जो आपको यह सिखाते हैं कि एक ऐसा रिश्ता है जो भावों से भरा है, जो हर पल आपको सहयोग करने के लिए तैयार है । इस तरह जीवन में आप जैसे - जैसे आगे बढ़ते जाते हैं आपको बहुत से व्यक्ति मिलते जाते हैं जिनसे आप जाने अनजाने कुछ न कुछ ऐसा सीखते हैं जो आपको सार्थक जीवन जीने में सहायता करते हैं । इस गुरु पूर्णिमा पर आप अपना जीवन ऐसे ही गुरुओं को समर्पित करें । उनके लिए कुछ ऐसा करें कि उनके चेहरे पर मुस्कान हो और उसकी वजह आप हों । यदि आप मुस्कराते हैं तो आपका भाग्य मुस्कराता है, पर यदि आपके कारण कोई और मुस्कराता है तो यह ब्रह्मांड मुस्कराता है, जब ब्रह्मांड मुस्कराता है, तो आप जीवन में वह सब सहज ही हासिल कर लेते हैं जो आपके भाग्य में नहीं है और एक सार्थक जीवन जीते हुए उन सभी गुरुओं के मस्तक को कृपा से ऊँचा करते हैं जिन्होंने आपको जीवन के खूबसूरत सूत्र दिये जिन्हें अपना कर आप अपने जीवन को सार्थकता प्रदान कर सकें।

शेष कुशल

R. Modi

-: संपादिका :-
संध्या गुप्ता
09820122502
-: प्रधान कार्यालय :-
नारायण भवन
टोपीवाला कंपाउंड, स्टेशन रोड़
गोरेगांव वेस्ट, मुंबई
-: क्षेत्रीय कार्यालय :-

अहमदाबाद	जैविनी शाह	9712945552
अकोला	शोभा अग्रवाल	9423102461
अकोला	रिया अग्रवाल	9075322783
अमरावती	तरुलता अग्रवाल	9422855590
औरंगाबाद	माधुरी धानुका	7040666999
बैंगलोर	कनिष्का पोद्दार	7045724921
बैंगलोर	शुभांगी अग्रवाल	9327784837
बैंगलोर	शुभांगी अग्रवाल	9341402211
बस्ती	पूनम गाड़िया	9839582411
बिहार	पूनम दूधानी	9431160611
भीलवाड़ा	रेखा चौधरी	8947036241
भोपाल	रेनू गट्टानी	9826377979
चेन्नई	निर्मला चौधरी	9380111170
दिल्ली (नोएडा)	तरुण चण्डक	9560338327
दिल्ली (नोएडा)	मेघा गुप्ता	9968696600
दिल्ली (डब्ल्यू)	रेनु विज	9899277422
धुलिया	रेणु भटवाल	878571680
गोंदिया	राधिका अग्रवाल	9326811588
गोहटी	सरला लाहोटी	9435042637
हैदराबाद	स्नेहलता केडिया	9247819681
इंदौर	धनश्री शिरालकर	9324799502
जालना	रजनी अग्रवाल	8888882666
जलगांव	काला अग्रवाल	9325038277
जयपुर	प्रीति शर्मा	9461046537
जयपुर	सुनीता शर्मा	8949357310
जयपुर	सुनीता शर्मा	8949357310
झुनझुनू	पुष्पा देवी टिबेरेवाल	9694966254
इचलकरंजी	जय प्रकाश गोयनका	9422043578
कोल्हापुर	राधिका कुमटेकर	9518980632
कोलकत्ता	स्वेटा केडिया	9831543533
कानपुर	नीलम अग्रवाल	9956359597
लातूर	ज्योति भूतड़ा	9657656991
मालेगांव	रेखा गारोडिया	9595659042
मालेगांव	आरती चौधरी	9673519641
मालेगांव	आरती दी	9518995867
मोरबी	कल्पना चोरौड़िया	8469927279
नागपुर	सुधा अग्रवाल	9373101818
नांदेड़	चेदा कावरा	9422415436
नवलगढ़	ममता सिंग्रोडिया	9460844144
नासिक	सुनीता अग्रवाल	9892344435
पुणे	आभा चौधरी	9373161261
पटना	अरबिंद कुमार	9422126725
पुरुलिया	मृदु राठी	9434012619
परतवाड़ा	राखी मनीष अग्रवाल	9763263911
रायपुर	अदिति अग्रवाल	7898588999
रांची	आनंद चौधरी	9431115477
सूरत	रंजना अग्रवाल	9328199171
सिकर (राजस्थान)	सुषमा अग्रवाल	9320066700
श्री गंगानगर	मधु त्रिवेदी	9468881560
सतारा	नीलम कदम	9923557133
शोलापुर	सुवर्णा बलदवा	9561414443
सिलीगुड़ी	आकांक्षा मुधरा	9564025556
टाटा नगर	उमा अग्रवाल	9642556770
राउरकेला	उमा अग्रवाल	9776890000
उदयपुर	गुणवंती गोयल	9223563020
उबर्ली	पल्लवी मलानी	9901382572
वाराणसी	अनीता भालोटिया	9918388543
विजयवाड़ा	किरण झँवर	9703933740
वर्धा	रूपा सिंघानिया	9833538222
विशाखापतनम	मंजू गुप्ता	9848936660

अंतर्राष्ट्रीय केंद्र का नाम

ऑस्ट्रेलिया	रंजना मोदी	61470045681
दुबई	विमला पोद्दार	+971528371106
काठमांडू	रिचा केडिया	+977985-1132261
सिंगापुर	पूजा गुप्ता	6591454445
शारजाह	शिल्पा मंजरे	+971501752655
बैंकॉक	गायत्री अग्रवाल	66952479920
विराटनगर	मंजू अग्रवाल	+977980-2792005
विराटनगर	वंदना गोयल	+977984-2377821

संपादकीय

प्रिय पाठकों,

॥ नारायण नारायण ॥

गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएँ । इस बार का सतयुग पत्रिका का यह अंक समर्पित है हमारे जीवन के गुरु को, जिसने हमें जीवन के सही मायने सिखाये और हमारे जीवन को एक सार्थक राह दी । जीवन के हर मोड़ पर हमें गुरु की आवश्यकता होती है जिससे हम अपनी बात कह सकें, जिससे हम यह जान सकें कि हम जो कर रहे हैं वह सही है ना जो हमें हम से ज़्यादा जानता हो जो हमें हमारे जीवन के लिए उचित मार्गदर्शन कर सकता हो । इस अंक में हम जानने की कोशिश करेंगे गुरु को और जीवन में उनकी महत्ता को ।

आप सभी में विराजित उस गुरु तत्व को प्रणाम जिसने कितनों को सही मार्गदर्शन दिया ।

गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ-

आपकी अपनी
संध्या गुप्ता

अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय :			
	नेपाल	रिचा केडिया	977985-1132261
	आस्ट्रेलिया	रंजना मोदी	61470045681
	बैंकाक	गायत्री अग्रवाल	66897604198
	कनाडा	पूजा आनंद	14168547020
	दुबई	विमला पोद्दार	971528371106
	शारजहा	शिल्पा मांजरे	971501752655
	जकार्ता	अपेक्षा जोगनी	9324889800
	लन्दन	सी.ए. अक्षता अग्रवाल	447828015548
	सिंगापुर	पूजा गुप्ता	6591454445
	डबलिनओहियो अमेरिका	स्नेह नारायण अग्रवाल	1-614-787-3341

आपके विचार सकारात्मक सोच पर आधारित आपके लेख, काव्य संग्रह आमंत्रित है - सतयुग को साकार करने के लिये/आपके विचार हमारे लिये मूल्यवान हैं । आप हमारी कोशिश को आगे बढ़ाने में हमारी मदद कर सकते है । अपने विचार उदगार, काव्य लेखन हमें पत्र द्वारा, ई-मेल द्वारा भेज सकते हैं ।
हमारा ई-मेल है 2014satyug@gmail.com

we are on net
narayanreikisatsangparivar
@narayanreiki

प्रकाशक : नारायण रेकी सतसंग परिवार
मुद्रक : श्रीरंग प्रिन्टर्स प्रा. लि. मुंबई.
Call : 022-67847777

सतयुग का शंखनाद

श्रद्धा, विश्वास, आस्था (वह सम्मान का भाव है) - गुरु ज्ञान अनमोल है और उससे भी ज़्यादा अनमोल है उस ज्ञान से हमें परिचित करने वाला हमारा गुरु। गुरु की महिमा अनंत है, उनका थोड़ा–सा सान्निध्य ही जीवात्मा को सद्गति प्रदान करा सकता है। ऐसी ही अनमोल हैं हमारी गुरु राज दीदी ।

गुरु वह व्यक्ति होता है जो पहले अपने भीतर की कमियों को निकालता है, ताकि वह अपने शिष्यों को सही राह दिखा सके ।

राज दीदी के जीवन में सदैव एक ही ध्येय रहा - ऐसा क्या करूँ कि अपने होने और जीने को सार्थक कर जाऊँ? उनकी इस सोच ने उन्हें चिंतन के नये आयाम दिये, ध्यान के नये स्रोत दिये, ज्ञान के ऐसे अद्भुत संदेश दिये जो ब्रह्मांड से सीधे साधना में ग्रहण किए गये और जैसे गृहण किए गये वैसे की सत्संगियों के सामने ग्रंथ के रूप में रखे गये। ग्रंथ के पठन, पाठन और चिंतन ने सत्संगियों के लिए मानसिक भोज्य का कार्य किया है जो उनकी क्या ? क्यों? और कैसे की भूख को तृप्त कर रहे हैं । ब्रह्मांडीय संदेश एक ग्रंथ और ब्रह्मांडीय संदेश एन्साइक्लोपीडिया के पार्ट 1 के रूप में रामायण गीता के स्तर सी असाधारण ग्रंथ की रचना साधारण लगने वाली हमारी गुरु राज दीदी ही कर सकती हैं । हर एक सत्संगी के मन की बात सुने बिना ही समझ जाना और सत्संग में उनका समाधान बता देना एक अद्भुत कला है । जब गुरु माँ राज दीदी को विभिन्न किरदारों में अपना रोल बखूबी निभाते देखते हैं तो सहसा मन से निकलता है:-

जब आप ज्ञान का दर्शन कराती हो तब आप ज्ञानेश्वरी लगती हो ।

जब आप अपने स्नेहपाश में बांधती हो तो स्नेहांजली लगती हो । जब आप सही शब्दों का प्रयोग करना सिखाती हो तो साक्षात् सरस्वती लगती हो ।

जब आप प्रचुर मात्रा में धन प्राप्त करने का मंत्र सिखलाती हो तब आप महालक्ष्मी लगती हो ।

जब आप हमारी ग़लतियों पर भी स्नेह से पुकारती हो और कहती हो कोई बात नहीं तो एक श्रद्धेय पिता लगती हो ।

जब आप हमारी परेशानियों का हल हमसे ही सुलझवाती हो तब आप एक मार्गदर्शिका बड़ी बहन लगती हो ।

जब आप हमारी सफलताओं में और हमारी खुशियों में खिलखिलाती ढ़ेर सारा आशीर्वाद देती हो तो साक्षात् जन्मदात्री माँ लगती हो ।

सच कहूँ सत्संगियों के दिल का हाल, तो गुरु माँ आप तो हमें उस परम पिता नारायण से मिलवाने वाली नारायणी लगती हो ।

गुरु की भूमिका सब के जीवन में अहम होती है। गुरु के प्रति हर मनुष्य आदर और सम्मान का भाव रखता है यहाँ तक कि गुरु को ईश्वर से ऊपर रखता है। गुरु तुम्हें, तुम से मिलवाता है । वह तुम्हें आत्मबोध कराता है, तुम्हारे भीतर छिपी तुम्हारी शक्तियों से तुम्हें मिलवाता है । तुम्हारे हर सावल का उत्तर होता है उनके पास और उस उत्तर को सार्थकता प्रदान करता है गुरु । तुम्हें सही कर्म का हिस्सेदार बनाता है गुरु । गुरु जीवन की नैया को खूबसूरती से खेने और सर्वोत्तम तरीक़े



से पार लगाने के उपायों को बताता है । गुरु तुम्हारे व्यक्तित्व का निर्माण करता है । गुरु तुम्हें एक माँ की तरह सजाता है और पिता की तरह संवारता है । तुम्हें तुम्हारे स्व से परिचित कराते हुए आत्मा के स्तर तक ऊँचा उठाता है । हर मनुष्य अपने जीवन में लिए जाने वाले छोटे से बड़े फैसलों के लिए गुरु की इच्छा जानना चाहता है । ज़िंदगी के हर छोर में गुरु की आवश्यकता है यदि आप कला, संगीत, नृत्य जैसे किसी भी कार्य को सीखना चाहते हैं तो उसके लिए आपको उस गुरु के पास जाकर उस चीज़ का ज्ञान प्राप्त करना होगा। संगीत के गुरु संगीत का बोध करवाते हैं। कला के गुरु कला का बोध करवाते हैं। और नृत्य के गुरु नृत्य का बोध कराते हैं इसी तरह हर कार्य क्षेत्र में गुरु की भूमिका अहम है।

राज दीदी और एनआरएसपी का सतसंग वो गुरु है जो हमें जीवन जीने का नया अंदाज़ सिखाता है। जो हमें यह सिखाता है कि प्रतिदिन अपनी इच्छा उस परम पिता के सामने समर्पित भाव से रख दो और निश्चिंत होकर ईमानदारी, वफ़ादारी से भर कर विनम्रता से भरपूर व्यवहार करते हुए सभी के प्रति अपना शतप्रतिशत देकर अपने कर्म करो और जीवन में खुशी, आनंद, उत्साह, उन्नति, प्रगति, सफलता, सुख, शांति, समृद्धि के मार्ग को सहज ही खोल लो । यह है हमारी गुरु माँ राज दीदी की गुरुता। यह पंक्तियाँ दीदी के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं,

वह व्यक्ति जो ज्ञान से हमारे जीवन को आसान बनाए

वह ही हमारे लिए गुरु कहलाये । गुरु वह व्यक्ति होता है जो शिष्य को मंज़िल तक पहुँचाने के लिए राह दिखाता है ।

गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि - गढ़ि काढ़ै खोट

अन्तर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट

गुरु कुम्हार है और शिष्य घड़ा है, भीतर से हाथ का सहारा देकर, बाहर से और गढ़ - गढ़ कर शिष्य की बुराई को निकालते हैं और उसे निखारते हैं । इसी तरह राज दीदी बहुत–सी साधनाओं के माध्यम से, बहुत ही सरल भाषा और बहुत ही सहज अंदाज़ में हमें सिखाते हैं -

1) सहज बनें, सरल बनें और ऐसे बनें कि जिस जगह आप खड़े हों लोगों को खुशी की, आनंद की, विश्वास की अनुभूति हो।

2) अपना सर्वोत्तम दें सर्वोत्तम पाएँ ।

3) अच्छे और सकारात्मक कर्म करें फल अच्छा ही होगा ।

4) लोकप्रिय बनना है तो यदि किसी ने आपको किसी की कोई अच्छाई बताई है तो वह उस तक पहुँचा दो। दूसरों को आंकने में समय न लगायें। बिना शर्त प्यार दें और प्यार, आदर, सम्मान प्रशंसा से भरे सप्तसितारा जीवन के हक़दार बन जायें।

5) आप जितना दूसरों को प्रेम देंगे उससे अधिक पायेंगे और इससे आपके लिए देना और अधिक आसान हो जाएगा ।

6) अच्छाई, भलाई, करुणा, दया ममता, ईमानदारी, वफ़ादारी, विनम्रता के रास्ते पर चलें और जीवन को सार्थकता प्रदान करें ।

7) आप कुछ भी प्राप्त करना चाहते हैं तो सेवा, समर्पण और 'मैं कितना करता हूं' से हटकर, 'मैं सिर्फ़ एक माध्यम हूँ', यह भाव होना अति आवश्यक है ।

8) जब आप अपने स्वभाव में सहन शक्ति, समयबद्धता, समझदारी और अच्छाई अपनायेंगे तो दुनिया के बारे में आपकी राय और अच्छी होगी ।

9) सफलता उनको मिलती है जो खुले दिल से दूसरों की सफलताओं को स्वीकार करते हैं ।

10) समय निरंतर आगे बढ़ रहा है । इस क्षणिक समय में अपने जीवन में निःस्वार्थ सेवा का भाव लेकर प्राणिमात्र की सेवा करने का अवसर मिले तो इसे ईश कृपा समझ लेना चाहिए ।

यह ऐसे गुरु मंत्र हैं जिन्हें गुरु माँ राज दीदी समय- समय पर हमें देती रही हैं । इस गुरु पूर्णिमा एक गुरु दक्षिणा अपनी गुरु माँ राज दीदी को - हमारे भीतर बस एक ही भाव, 'मैं वैसी बन जाऊँ जो तेरी मर्ज़ी है।'

ज्ञान मँजूषा

ज्ञान मंजूषा के इस स्तंभ में हम समय -समय पर सतसंगियों द्वारा राज दीदी से पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लेकर आते हैं जो दीदी सतसंगियों को देते हैं, जिन्हें अपना कर सतसंगियों का जीवन सप्त सितारा हो गया है ।

प्रश्न 1 : हम हमारे विचार, व्यवहार, वाणी पर कैसे नियंत्रण रखें ?

राज दीदी ने कहा आपको प्रयास करने होंगे, थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। कुछ दिनों तक एक पुस्तिका में आपको आपके बारे में लिखना है कि हम दिन भर में क्या-क्या करते हैं। हफ्ते भर के भीतर ही आपके विचार, व्यवहार और वाणी में परिवर्तन आ जाएगा । इस तकनीक को आप इस्तेमाल कीजिए, NRSP के कई लोगों ने यह तकनीक अपनाई है और उनमें परिवर्तन आये हैं ।

प्रश्न 2: एक सफल व्यक्ति की परिभाषा क्या है, या फिर हम ऐसा क्या करें कि हम हमारे जीवन में सफल बन सकें?

राज दीदी :- संतुष्टता और सार्थकता से भरा जीवन हमारे लिए यही सफलता की परिभाषा है। 25 साल से मैं समाज सेवा का कार्य कर रही हूं। मैं घर से ही कार्य करती थी क्योंकि बच्चे छोटे थे। बच्चे 2:30 बजे तक घर आ जाते थे, फिर पढ़ाई करते थे और शाम को खेलने जाते थे। उस वक्त किसी ने मुझसे कहा था कि पास ही में एक हॉल है, आप वहां जाएंगे तो पेशेंट भी ज्यादा आएंगे और आपके काम में भी वृद्धि होगी। मैंने कुछ दिन का वक्त मांगा और कहा कि मैं सोचकर बताती हूं। मेरे मन में यह प्रश्न चल ही रहा था कि अचानक से मैं टीवी के सामने गई, उस पर एक 75 वर्षीय सिलेब्रिटी का इंटरव्यू चल रहा था। उस सिलेब्रिटी से पूछा गया आज आपके पास नेम, फेम, मनी सब कुछ है लेकिन क्या आपके जीवन में ऐसी कोई चीज है जो आप पीछे मुड़कर देखते हैं तो आपको उसकी कमी खलती है? उन्होंने कहा, जब मेरे बच्चों को मेरी जरूरत थी तब मैं उनके पास मौजूद नहीं थी, आज मुझे उनकी ज़रूरत है तो आज वे मेरे पास नहीं हैं । उसी वक्त मैंने यह निश्चित कर लिया था कि मुझे 2:30 बजे तक फ्री होना है और बच्चों के रूटीन में कोई कॉम्प्रोमाइज नहीं करना है।

प्रश्न 3 : जीवन में सभी wishes पूरी हों उसके लिए हमें ऐसा क्या करना चाहिए ?

राज दीदी : आपकी wish list छोटी होनी चाहिए और In giving we believe आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए । हम जितना फोकस हमारी विश पूरी करने के लिए रखते हैं अगर उससे भी कई ज्यादा प्रयत्न हम दूसरों की विश पूरी करने में लगाएं तो दूसरों से आशीर्वाद ही मिलेगा । जब हम दूसरों की विश पूरी करने के लिए उनकी मदद करते हैं तो हमारी प्राथमिक विश पूरी करने के लिए प्रकृति हमारी मदद करती है। दूसरों के काम होते हैं, उसकी वजह से हमें जो आशीर्वाद मिलता है उससे हमारे काम स्वतः ही बनते चले जाते हैं।

प्रश्न 4 : ब्रह्म मुहूर्त में जल्दी उठने के फायदे और महत्व सभी को पता है लेकिन आजकल की जो लाइफ स्टाइल है इसमें कई बार सोने में लेट हो जाता है और जल्दी उठ भी नहीं पाते। ऐसा हमें क्या करना चाहिए कि हम जल्दी उठ सकें और लाइफ लॉग इस चीज को फॉलो कर सकें ताकि हमारी जल्दी उठने की आदत हो जाए।

राज दीदी :- आप 11:00 बजे सोते हैं तो उससे 5 मिनट जल्दी सोना शुरू कर दीजिए और आप सुबह 9:00 बजे उठते हैं तो उससे 5 मिनट जल्दी उठना शुरू कर दीजिए। ऐसे करके आप धीरे-धीरे कुछ महीनों में ब्रह्म मुहूर्त में उठना शुरू कर देंगे।

प्रश्न 5 :- अपने कार्यों को सफल बनाने के लिए क्या करना चाहिए?

राज दीदी :- अच्छे विचार, अच्छे कार्यों को सफल बनाते हैं।

मिस्टर माधव कहते हैं हमारे भीतर निहित जो नकारात्मक ऊर्जा है क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार यह सब से ज्यादा नकारात्मक हैं और आपकी औरा को तार-तार कर देते हैं । जिसका सुधार भी संभव नहीं है । जब तक मिस्टर ए के मन में सामने वाले के प्रति इरिटेशन, फ्रस्ट्रेशन होता है नेगेटिव ऊर्जा उनके शरीर में प्रवाहित होती है । वे अपने काम के लिए जो भी कोशिश करते हैं वो निष्फल हो जाती है और उनका काम नहीं होता है । जैसे ही मिस्टर ए ने सामने वाले के लिए पॉजिटिव तरंगें भेजनी शुरू कीं तो उनके काम बनते चले गए।

हमें यह नहीं पता है कि कब हमारी नकारात्मक ऊर्जा कहां जाकर क्या कार्य करती है, हम जज भी नहीं कर पाते हैं।

केस 1) हमारे पास एक परिवार की बहू आयी, वह टीचर थी और उसने अपनी 11-12 साल की लड़की के बारे में बताना शुरू किया। वह बच्ची दिन प्रतिदिन लापरवाह होती जा रही थी, उद्दंड थी, परंतु वह महिला चाहती थी कि उसकी बेटी सिंसियर एवं रिस्पांसिबल बने। वह महिला बच्चों को पढ़ाती थी, वह चाहती थी कि कम से कम उसकी बेटी तो सही लाइन पर रहे। उसने पूछा हम किस तरह से प्रार्थना करें कि बच्ची सही लाइन पर रहे? हमने पूछा कि आपके घर में कौन-कौन है। घर में सास,ससुर,पति और बेटी ही हैं । सास के साथ रिलेशन अच्छे नहीं हैं उनको देखते ही मुझे इरिटेशन होती है। उस महिला की यह इरिटेशन ही उसकी नेगेटिव तरंगें उसके शरीर में प्रवाहित होती थी और उसके छींटे उसकी बेटी पर जाते थे । हमने उनसे कहा, आपके मन में सासू मां के प्रति जो इरिटेशन है, उसकी जगह आपको आदर भाव, प्रेम भेजना होगा और आपको उनकी केयर भी करनी है। आप यदि सासु मां को पॉजिटिव वाइब्स भेजते हैं तो आपकी बेटी सिंसियर, रिस्पांसिबल होती चली जाएगी। सुबह उठते से ही आपको सासु मां को सामने विजुअलाइज करना है और यह पॉजिटिविटी एफर्मेशंस 7 टाइम्स बोलना है - आई लव यू, आई लाइक यू, आई रिस्पेक्ट यू, नारायण ब्लेस यू, नारायण ब्लेस यू, नारायण ब्लेस यू। यही प्रक्रिया आपको रात को सोते वक्त भी करनी है। कुछ ही दिनों में उस महिला की औरा में पॉजिटिविटी आती चली गई और साथ ही साथ उनकी बेटी सिन्सियर,रिस्पांसिबल बनती चली गई।

राज दीदी ने कहा ऐसे ही आपको यदि किसी को देखकर इरिटेशन, फ्रस्ट्रेशन होती है, सामने वाले पर क्या असर

होता है वो नहीं पता, लेकिन आपकी औरा तार तार हो जाती है। उस अवस्था में जो चीजें आपके भाग्य में है वह आप हासिल नहीं कर पाते। आप जिनके साथ रहते हैं, जो आपके साथ रहते हैं सबसे पहले हमें उन पर काम करना है। परिवार के किसी भी सदस्य के प्रति हमारे भीतर नकारात्मक भाव है तो हमें उसे पहले दूर करना चाहिए क्योंकि वह नेगेटिव एनर्जी ही हमें अपने जीवन में आगे बढ़ने नहीं देती है। यह करने से हमारी औरा कमज़ोर होती है और हम जीवन में आगे नहीं बढ़ पाते हैं। आई लव यू, आई लाइक यू, आई रिस्पेक्ट यू, नारायण ब्लेस यू, नारायण ब्लेस यू, नारायण ब्लेस यू कहिए और आपका जीवन सुख, शांति, सेहत, समृद्धि, लव, रिस्पेक्ट, फेथ, केयर इस एफर्मेशन का उसपर कितना असर हुआ इट्स ओके पर आपका यह बारंबार दोहराना आपके जीवन को समृद्धि शाली बना देगा और यही सब चीज़ें आपके जीवन में आती चली जाएंगी। आपके जीवन में बहुत परिवर्तन आ जाएगा।

प्रश्न 6 : हम किसी विशेष मकसद से प्रार्थना कर रहे हैं और हमारा मकसद पूरा नहीं हो रहा है तो हमारा मन डगमगाने लगता है, ऐसी अवस्था में हमें क्या करना चाहिए ?

राज दीदी :- आपसे नियमित रूप से प्रार्थना हो रही है, regular प्रार्थना हो रही है तो ब्रह्मांड से आपको यह इशारा है कि वह आपसे प्रार्थना करवा रहा है, तो निश्चित ही आपकी प्रार्थना सुनेगा और प्रार्थना ज़रूर फलीभूत होगी। कई लोग नियम लेते हैं कि हम नियमित प्रार्थना करेंगे लेकिन वह कर नहीं पाते हैं और आपसे अगर नियमित रूप से प्रार्थना हो रही है तो इसका मतलब यह है कि वह आपकी प्रार्थना सुन रहा है। राज दीदी ने कहा हम अगर हमारी किसी विशेष विश के लिए प्रार्थना कर रहे हैं और हमारा पूरा फ़ोकस उसी प्रार्थना पर है और इसी बीच आपको कोई अर्जेंट काम आ जाए और आपका पूरा फ़ोकस अपनी प्राथमिक विश पर ही हो और आप अर्जेंट ज़रूरत पर ध्यान भी ना दें तो भी ब्रह्मांड को भली-भांति पता होता है कि आपकी इच्छा बाद में भी पूरी की जा सकती है इस वक्त आपकी जो जरूरत है वह पूरी होना आवश्यक है। जब आपकी आवश्यक ज़रूरत पूरी हो जाती है, आप उसका धन्यवाद करना भूल जाते हैं क्योंकि आपका पूरा फ़ोकस आपकी प्राथमिक विश पर ही होता है।

हम कई लोगों से सुनते हैं कि हमने एक विशेष चीज के लिए खूब प्रार्थना की लेकिन वह विश पूरी नहीं हुई, बहुत दुःख होता है। लेकिन कुछ समय बाद वही लोग कहते हैं कि भले ही वह चीज हमें हासिल नहीं हुई परंतु आज हमें जो चीज़ मिली है वह बहुत कीमती है। एक उदाहरण देते हैं - कई बार हम एक निश्चित डेट देकर प्रार्थना करते हैं कि जुलाई एंड तक हमारा यह कार्य हो जाए और आपका यह काम नहीं होता। आप ज़रा सा विचार करके थोड़ा सा मंथन करेंगे तो आपको यह एहसास होगा कि मेरे ऐसे कई काम बन गए जिनके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था। जुलाई माह तक आपका काम ना हो तो प्रकृति की ज़िम्मेदारी हो जाती है कि वह ब्याज समेत आपको दे और उसके साथ और भी कई चीजों को लेकर आएगा।

आपके लिए कोई भी अगर ज़रा सा कुछ भी करता है तो हमारे मन में यह भाव आता है कि हमें उनके लिए भी कुछ करना चाहिए। हम इतना न कर सके तो कम से कम कुछ थोड़ा सा तो करें। हम तो इंसान हैं हमारे मन में यह भाव आ जाता है तो प्रकृति अपने पास कुछ भी बाकी नहीं रखने वाली है, हमें ब्याज समेत जरूर देगी। हमें इस बात से संतुष्ट रहना चाहिए कि हमारा यह कार्य नहीं हुआ तो प्रकृति हमें गुणकों में देगी। हमारे जो कार्य बनते जाते हैं उसके लिए हमें

निरंतर आभार प्रकट करते रहना चाहिए। राज दीदी कहते हैं कि यदि हमारे मन में कोई ऐसा भाव भी आ गया कि हमें किसी विश के लिए प्रार्थना करनी है तो वह भाव भी हमें प्रकृति ही भेजती है। 24 घंटे में से हम ज़्यादा से ज़्यादा 4 घंटा प्रार्थना कर सकते हैं। बाक़ी समय पर हमें यह चैक करना चाहिए कि हमारे विचार, व्यवहार, वाणी कैसे हैं? वाणी और व्यवहार के माध्यम से आपने यदि किसी को hurt कर दिया तो आपकी wish आपसे दूर चली जाती है। इसी वजह से लोगों की wish पूरी होने में कई बार वक्त लगता है। आपको प्रिकॉशन रखने होंगे ।

प्रश्न 7 : यदि कोई हमारे लिए प्रार्थना कर रहा है तो भी तो हमारे कार्मिक अकाउंट बंधते हैं। कई बार हमें पता ही नहीं होता है कि हमारे लिए कितने लोग प्रार्थना कर रहे है, तो इसको कैसे settle करें?

राज दीदी :- यदि मैं आपके लिए प्रार्थना कर रही हूं और आपने मुझसे प्रार्थना करने के लिए नहीं कहा है तो आप कर्म बंधनों से नहीं बंधते। मेरे खाते में अवश्य पुण्य जमा होता है क्योंकि मैं आपके भले के लिए प्रार्थना कर रही हूं। राज दीदी ने कहा यदि मैंने आपसे कह दिया कि मैं आपके लिए प्रार्थना कर रही हूं तो भी आपके कर्म नहीं बंधते। आपको एनर्जी एक्सचेंज लेना ज़रूरी है क्योंकि आपने उनसे सेवा ली है। एक छोटी सी चाकलेट दे दीजिए, गुलाब का फूल दे दीजिए। जब हमें पता ही नहीं होता कि कितने लोग हमारे लिए प्रार्थना कर रहे हैं, दूसरी ओर हम भी तो कितने लोगों के लिए प्रार्थना कर रहे हैं, जिन्हें पता भी नहीं है कि हम उनके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। यह स्वतः बैलेंस होता है। फिर भी आपको लगता है, बहुत सारे लोग मेरे लिए प्रार्थना कर रहे हैं तो आप उनके लिए और अधिक प्रार्थना करिए। कभी आपको लगता है कि इसको कैश देकर मदद करना जरूरी है तो आप उसे पैसे भी दे सकते हैं। भले ही आपको प्रार्थना की ज़रूरत है मगर जब तक आपने अपने मुंह से नहीं बोला और सामने वाला बारंबार बोल रहा है कि आप हमारी प्रार्थनाओं में शामिल हैं तो आपके कर्म नहीं बंधते।

दोस्तों यह कुछ ऐसे सवाल हैं जो अक्सर हम सबके मन में घूमते हैं ।इनका उत्तर पढ़िए और मन की जिज्ञासा को शांत कर एक सप्त सितारा जीवन के हक़दार बन जाइए।

प्रतीक लड्ढा को जन्मदिन (१७ जून) पर
सुख, शांति, सेहत, समृद्धि, उन्नति, प्रगति, सफलता का आशीर्वाद।

रेशमा हेड़ा और मनीष हेड़ा को (३० जून) विवाह वर्षगांठ पर
सुख, शांति, सेहत, समृद्धि, उन्नति, प्रगति, सफलता का आशीर्वाद।

युवा मंच

गुरु जो अंधकार को दूर कर प्रकाश में ले जाये।

आज के युवा जिनके हाथ में नारायण रेकी सतसंग परिवार का परचम है, वे आने वाली पीढ़ी के लिए गुरु के समकक्ष हैं। आज सतयुग पत्रिका के माध्यम से आवाहन करते हैं कि गुरु के सभी प्रधान गुणों को जीवन में उतारें ताकि आप आने वाली पीढ़ी का सही मार्गदर्शन कर सकें।

जब भी आपको गुरु की भूमिका निभाने का अवसर मिले तो कुछ बातों को ध्यान में अवश्य रखें-

आपका व्यक्तित्व व आचरण ही आपके शिष्य के लिये सर्वोत्तम उदाहरण होता है अतः जिस मार्ग पर आप उन्हें चलाना चाहते हैं पहले ईमानदारी से उसका अनुसरण स्वयं करें। यह बताते हुए एक कथा याद आती है - एक माँ अपने पाँच वर्षीय बेटे को लेकर, एक पहुँचे हुए संत के पास पहुँची और बोली- गुरु जी यह बच्चा बहुत गुड़ खाता है। इसके सिर पर हाथ रख दीजिए और समझा दीजिए कि इतना गुड़ न खाए। गुरु जी मुस्कुराए और बोले- बेटा, इसको एक महीने बाद यहाँ लाना तब मैं इसे आशीर्वाद दूँगा। महीने भर पश्चात् वो पुनः संत के पास आई और फिर से बोली- अब आप इसको आशीर्वाद दीजिए कि यह गुड़ खाना छोड़ दे। पर संत बोले कि तुम बच्चे को एक हफ़्ते के बाद लाना । सप्ताह बीता और वो स्त्री पुनः अपने बच्चे को संत के सामने लेकर हाज़िर हो गई। इस बार संत ने बालक के सिर पर हाथ फेरा और बोले - बेटा आपकी सेहत के लिए अति का गुड़ खाना ठीक नहीं है अतः आप गुड़ का सेवन बंद कर दो ।

स्त्री को लग रहा था कि संत कोई अनुष्ठान करेंगे अतः उत्सुकता वश उसने संत से पूछा - इतनी-सी बात कहने के लिए आपने इतना समय क्यों लगाया। इस पर संत ने उत्तर दिया कि - हे देवी, मुझे स्वयं गुड़ बहुत पसंद है सो पहले मुझे गुड़ का त्याग करना था । यह करने में मुझे इतना समय लगा । मैं वही उपदेश दे सकता हूँ जिसका पालन मैं स्वयं शिद्दत से करता हूँ ।

अगर आप ईमानदारी सिखाएँ तो पहले स्वयं हर क्षेत्र में ईमानदारी बरतें।

एक गुरु को समत्व भाव में ही जीना होता है । पद, पैसा, प्रतिष्ठा, भाईचारे से उठकर सभी के साथ सम व्यवहार रखना, जाति धर्म व समुदाय के मापदंडों को किनारे रख कर सभी को अंगीकार करना और जिस प्रकार सूर्य कीचड़ व गंगाजल सभी को एक समान अपनी ऊर्जा देता है , उसी प्रकार अपने सभी शिष्यों को आगे बढ़ाना।

गुरु संदीपन के यहाँ जब कृष्ण व सुदामा शिक्षा ग्रहण कर रहे थे तब यह जानते हुए भी कि कृष्ण दिव्य पुरुष हैं संदीपन दोनों से समान सेवा कार्य करवाते, समान भोजन उपलब्ध कराते व सभी शिष्यों से समान व्यवहार करते। ऐसी है हमारी संस्कृति जिसे आज की युवा पीढ़ी को आत्मसात कर जीवित रखना है।

एक और तथ्य गुरु को ध्यान रखना चाहिए वो है सही सलाह देना। रामचरित मानस में यह बहुत ही सुंदर तरीक़े से बताया गया है -

सचिव, वैद्य, गुरु तीन जो, प्रिय बोलेहि भय आस, राज धर्म तन तीन कर होए बेगही नास।

(सचिव, वैद्य और गुरु अगर डर से सत्य न कहकर प्रिय ही बोलें तो राज्य, धर्म व तन तीनों का क्षय होता है।)

गुरु को निडर होकर सत्य का साथ देना चाहिए तभी समाज व शिष्य का कल्याण संभव है।

जीवन में आदर्शों को पहले स्वयं उतारें व उपर्युक्त गुणों से संपन्न एक सुंदर सतयुगी समाज का निर्माण करें।

।।卐।।

बच्चों की फुलवारी

आदि शंकराचार्य ने कहा, 'मौना व्याख्य प्रकटिथ, पारा, ब्रह्म तथ्वं युवनम्'। (अर्थः मैं दक्षिणामूर्ति (प्रथम गुरु) की प्रशंसा करता हूं और उन्हें सलाम करता हूं, जो अपनी मौन अवस्था के माध्यम से सर्वोच्च ब्रह्म की वास्तविक प्रकृति की व्याख्या करते हैं)।

एक शिक्षक ज्ञान देता है, एक गुरु ज्ञान देता है।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सतयुग का यह अंक गुरु को समर्पित है।

गुरु पूर्णिमा पूरी तरह से गुरु को समर्पित दिन है।

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, गुरु पूर्णिमा वह दिन है जब भगवान शिव ने अपना ज्ञान सात अनुयायियों या 'सप्तऋषियों' को हस्तांतरित किया था। इसी कारण भगवान शिव को प्रथम गुरु कहा जाने लगा।

गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि महाभारत के रचयिता वेद व्यास का जन्म इसी शुभ दिन पर हुआ था। इसलिए, व्यास पूर्णिमा नाम अस्तित्व में आया।

जैन धर्म की पौराणिक कथाओं में, यह माना जाता है कि जैन धर्म के सबसे प्रसिद्ध तीर्थंकरों में से एक, महावीर को इस दिन अपना पहला अनुयायी मिला और वे आधिकारिक तौर पर गुरु बन गए।

ऐसा माना जाता है कि गुरु बुद्ध ने अपना पहला उपदेश इसी दिन दिया था।

जब हम गुरु और अनुशासन की बात करते हैं तो सबसे पहली कहानी जो हमारे दिमाग में आती है वह एकलव्य की कहानी है। एकलव्य एक गरीब शिकारी का पुत्र था। वह जंगलों के हिरणों को तेंदुओं से बचाने के लिए तीरंदाजी सीखना चाहता था। उनकी इच्छा गुरु द्रोणाचार्य से धनुर्विद्या सीखने की थी। द्रोणाचार्य पांडवों और कौरवों के गुरु थे और उस समय शाही गुरु के लिए किसी बाहरी छात्र को ले जाना वर्जित था। लेकिन एकलव्य का समर्पण ऐसा था, उसने गुरु द्रोणाचार्य की एक मूर्ति बनाई और धनुर्विद्या का अभ्यास किया। अर्जुन को उनकी धनुर्विद्या के बारे में पता चला और उन्होंने उनसे पूछा कि उनके गुरु कौन हैं। जवाब था गुरु द्रोणाचार्य। जब अर्जुन ने यह मामला गुरु द्रोणाचार्य के पास उठाया तो गुरु एकलव्य से मिलने गए। जैसा कि उन दिनों प्रथा थी, गुरु ने एकलव्य से गुरु दक्षिणा के बदले उसका कड़ा अंगूठा माँगा। एकलव्य ने बिना कुछ सोचे अपना अंगूठा काटकर गुरु को दे दिया।

इस कहानी का एक पहलू हमें गुरु के प्रति पूर्ण समर्पण का महत्व सिखाता है। दूसरा पहलू हमें सिखाता है कि कैसे एक गुरु आपकी स्थिति को एक सामान्य छात्र से ऊपर उठाकर अमर बना सकता है। आज जब हम अनुशासन की बात करते हैं तो हर व्यक्ति के मन में एकलव्य का नाम आता है।

अपने गुरु का चयन सोच-समझकर करें। एक बार आपने चुन लिया

अपने गुरु का अनुसरण करें, पूर्ण समर्पण में रहें। अपने गुरु के शब्दों को ब्रह्माण्ड के दिव्य संदेश के रूप में स्वीकार करें।

याद रखें आपके कर्म ऐसे होने चाहिए कि गुरु आप तक पहुंचें। गुरु का आशीर्वाद आपको सामान्य स्थिति से असाधारण स्थिति में पहुंचा सकता है।

दीदी के छाँव तले

गुरु हमारे जीवन की एक ऐसी हस्ती होती है जिसका एक - एक पल इस बात में व्यतीत होता है कि उसके शिष्यों की उन्नति हो सके । इसके लिये गुरु साधना करता है, खोजता है और ऐसी अनोखी साधनाओं को, क्रियाओं को प्रतिपादित करता है जिसे अपना कर शिष्य आत्मुन्नति कर सके । ऐसी ही हैं हमारी गुरु राज दीदी जिनकी हर पल यह चाहना रहती है हर पल यह कामना रहती है कि हर व्यक्ति सप्त सितारा जीवन जिए । इसके लिए इस बार दीदी ने साधारण से लगने वाले असाधारण जल को अमृत बनाने की साधना सत्संगियों को दी। इस साधना से अनेकों लोगों को अनेकों लाभ हुए । दीदी के छाँव तले स्तंभ को इस बार हम एक नये कलेवर में प्रस्तुत कर रहे हैं ।

अमृत रूपी जल के चमत्कार

18 मई से राज दीदी ने ब्रह्म मुहूर्त की अमृत बेला में जल को संजीवनी रूपी अमृत बना कर तन–मन–धन–संबंधों को स्वस्थ करने की तकनीक की शुरूआत करवाई है। पहले ही दिन से अमृत के चमत्कारिक प्रभावों की शेयरिंग आने लगी है। उन अनगिनत चमत्कारों में से कुछ चुनिंदा अनुभव आपके साथ यहां साझा कर रहे हैं:-

1) 35 सालों से मेरे एक रिश्तेदार महिला से नारायण–नारायण संबंध थे। पहले ही दिन का अमृत मैंने उन्हें विजुलाइज करते हुए, लव यू, लाइक यू, रिस्पेक्ट यू कह कर ग्रहण किया। अमृत ग्रहण करते ही मेरे मन में अपार शांति का अनुभव हुआ और उनके प्रति मन में कोई द्वेष भाव नहीं बचा, सब कुछ अच्छा लग रहा है।

2) गर्भवती को डॉक्टर ने कहा कि डिलीवरी के लिए दर्द के इंजेक्शन देने होंगे। अमृत ग्रहण करने के कुछ घंटों में ही अपनेआप दर्द शुरू हो गए और सरलता से नॉर्मल डिलीवरी में पुत्र रत्न प्राप्त किया है।

3) 15 वर्षों से ज़्यादा से कब्ज़ से पीड़ित हूं, कई डॉक्टरों को दिखाया, कई तरह के इलाज लिए। अमृत की एक डोज़ से ही पूर्ण आराम है, जो कई सालों से नहीं हुआ था।

4) मेरे हाथ में इतना दर्द था कि हाथ उठाने में भी तकलीफ होती थी। अमृत जल लेने से जैसे चमत्कार ही हुआ है।

5) मैं परिवार के साथ लंदन घूमने आई हूं, यहां आते ही मेरा पेट खराब हो गया, बहुत कमज़ोरी आ गई। मुझे लगा कि मेरा पूरा ट्रिप ऐसे ही जायेगा, वापस लौटाने का सोचने लगी। बी. पी. भी बहुत ज़्यादा चल रहा था। फिर मैंने अमृत जल लिया, एक ही डोज़ में मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ महसूस कर रही हूं।

6) मेरी पालतू गौ माता को डॉक्टर ने लंपी बीमारी बताई और फिर कई इंजेक्शंस भी लगवाए, परंतु फ़र्क नहीं पड़ा। आपके बताए अमृत जल से मेरी गाय बिल्कुल ठीक हो गई है, कोई लंपी के निशान तक नहीं हैं।

7) मैं चीज़ों को नियमबद्ध तरीके से यथास्थान ही रखती हूं और घर के सदस्यों से भी यही अपेक्षा रखती हूं। यदि कोई चूक होती है तो मैं अपने मन को शांत रखने के लिए यह मंत्र दोहराती हूं, मेरा चित्त शांत और प्रसन्न है। जब से अमृत जल ग्रहण करना शुरू किया है, मेरा चित्त प्रतिपल प्रतिक्षण शांत ही है और मैं बहुत हल्का महसूस कर रही हूं।

8) एसिडिटी में राहत ।

9) फिशर की समस्या में बहुत बड़ी राहत मिली है ।

10)शुगर लेवल बिल्कुल नॉर्मल आ गया है।

11) गर्दन में बहुत दिनों से दर्द था, घुमाने में भी दर्द होता था, जल ग्रहण करने लगी, तब से दर्द को भूल ही गई।

12) घर में नारायण–नारायण स्तिथि रहती थी। अमृत जल दिया, सब आपस में प्रेम से रहते हैं।

13) डायबिटीज़ के कारण चेहरे पर जलन होती थी, अमृत जल ग्रहण करने से बिल्कुल ठीक हूं।

14) बेटे को बोलने में परेशानी थी,5 महीने से इलाज चल रहा है। अमृत जल देना शुरू किया, डॉक्टर ने कहा कि चमत्कारिक तरीक़े से रिकवरी हो रही है।

15) अपने लिए अमृत जल बनाया इस एफर्मेशन के साथ कि सासु मां के साथ लव, रिस्पेक्ट, फेथ, केयर से भरे संबंध हैं। कल ही सासु मां का फ़ोन आया कि वो हमारे साथ रहना चाहती हैं।

16) जीजाजी के स्टेंट डाला गया और डॉक्टर ने बताया कि उनके पेट में करोड़ों की मात्रा में स्टोन बन रहे हैं जिसका कोई इलाज नहीं है। मैंने लगातार उन्हें अमृत जल दिया । 15 दिन बाद सीटी स्कैन करवाया जिसमें नारायण की कृपा से एक भी स्टोन नहीं आया।

17) बेटे को अमृत जल दिया, उसके मन मुताबिक जॉब मिल गई है।

18) पति को 39 साल से सोरायसिस की समस्या है। अमृत जल से 90 प्रतिशत ठीक हो चुके हैं।

19) 9 नंबर का चश्मा लगता था। जल साधना से 3 नंबर का रह गया है।

20) बच्चे आपस में बहुत झगड़ा करते थे। अमृत जल से दोनों के स्वभाव में बहुत बदलाव आया है और अब वे प्रेम से रहते हैं।

21) 3 साल से समृध्दि नारायण हेल्प अवस्था में चल रही थी। अमृत ग्रहण करने से पति को नए अवसर मिलने लगे हैं।



प्रेरणादायक वृत्तांत

इस बार के प्रेरणादायक वृत्तांत में हम कुछ ऐसी कहानियाँ लाये हैं जो गुरु बनकर आपके जीवन को एक नया दृष्टिकोण देंगी । कहानियाँ वही पर एक नये नज़रिए से ।

रोटी

किसी गाँव में एक बूढ़ा व्यक्ति अपने बेटे और बहू के साथ रहता था । परिवार सुखी संपन्न था किसी तरह की कोई परेशानी नहीं थी । बूढ़ा बाप जो किसी समय अच्छा खासा नौजवान था आज बुढ़ापे से हार गया था, चलते समय लड़खड़ाता था लाठी की जरुरत पड़ने लगी, चेहरा झुर्रियों से भर चुका था बस अपना जीवन किसी तरह व्यतीत कर रहा था।

घर में एक चीज़ अच्छी थी कि शाम को खाना खाते समय पूरा परिवार एक साथ टेबल पर बैठ कर खाना खाता था । एक दिन ऐसे ही शाम को जब सारे लोग खाना खाने बैठे, बेटा ऑफिस से आया था भूख ज्यादा थी सो जल्दी से खाना खाने बैठ गया और साथ में बहू और उसका एक बेटा भी खाने लगे ।

बूढ़े हाथ जैसे ही थाली उठाने को हुए थाली हाथ से छिटक गयी थोड़ी दाल टेबल पर गिर गयी । बहू बेटे ने घृणा दृष्टि से पिता की ओर देखा और फिर से अपना खाने में लग गए। बूढ़े पिता ने जैसे ही अपने हिलते हाथों से खाना खाना शुरू किया तो खाना कभी कपड़ों पर गिरता कभी जमीन पर ।

बहू ने चिढ़ते हुए कहा – हे राम कितनी गन्दी तरह से खाते हैं मन करता है इनकी थाली किसी अलग कोने में लगवा देते हैं, बेटे ने भी ऐसे सिर हिलाया जैसे पत्नी की बात से सहमत हो । उनका बेटा यह सब मासूमियत से देख रहा था ।

अगले दिन पिता की थाली उस टेबल से हटाकर एक कोने में लगवा दी गयी । पिता की डबडबाती आँखे सब कुछ देखते हुए भी कुछ बोल नहीं पा रहीं थी।

बूढ़ा पिता रोज़ की तरह खाना खाने लगा, खाना कभी इधर गिरता कभी उधर । छोटा बच्चा अपना खाना छोड़कर लगातार अपने दादा की तरफ देख रहा था ।

माँ ने पूछा, 'क्या हुआ बेटे तुम दादा जी की तरफ क्या देख रहे हो और खाना क्यों नहीं खा रहे?'

बच्चा बड़ी मासूमियत से बोला, 'माँ मैं सीख रहा हूँ कि वृद्धों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए, जब मैं बड़ा हो जाऊँगा और आप लोग बूढ़े हो जाओगे तो मैं भी आपको इसी तरह कोने में खाना खिलाया करूँगा' ।

बच्चे के मुँह से ऐसा सुनते ही बेटे और बहू दोनों काँप उठे शायद बच्चे की बात उनके मन में बैठ गयी थी क्योंकि बच्चे ने मासूमियत के साथ एक बहुत बड़ा सबक दोनों लोगों को दिया था।

बेटे ने जल्दी से आगे बढ़कर पिता को उठाया और वापस टेबल पर खाने के लिए बिठाया और बहू भी भाग कर पानी का गिलास लेकर आई कि पिताजी को कोई तकलीफ ना हो ।

तो मित्रों, माँ बाप इस दुनिया की सबसे बड़ी पूँजी हैं आप समाज में कितनी भी इज्ज़त कमा लें या कितना भी धन इकट्ठा कर लें लेकिन माँ बाप से बड़ा धन इस दुनिया में कोई नहीं है।

माँ बाप की हमेशा निःस्वार्थ भाव से सेवा एवं इज्ज़त करिए क्योंकि वह आपके पहले गुरु हैं जिन्होंने आपको जीवन दिया और जीवन जीना सिखलाया ।

||नारायण नारायण||

॥ 卐 ॥

सच्चा गुरु-अंतर्मन

बहुत पुरानी बात है, उन दिनों आज की तरह स्कूल नहीं होते थे। शिक्षा प्रणाली थी और छात्र गुरुकुल में ही रहकर पढ़ते थे। उन्हीं दिनों की बात है। एक विद्वान शिक्षक थे, उनका नाम था- राधे गुप्त। उनका गुरुकुल बड़ा ही प्रसिद्ध था, जहाँ दूर दूर से बालक शिक्षा प्राप्त करने के लिए आते थे।

राधे गुप्त की पत्नी का देहांत हो चुका था, उनकी उम्र भी ढलने लगी थी, घर में विवाह योग्य एक कन्या थी, जिनकी चिंता उन्हें हर समय सताती थी। पंडित राधे गुप्त उसका विवाह ऐसे योग्य व्यक्ति से करना चाहते थे, जिसके पास संपत्ति भले न हो पर वह बुद्धिमान हो।

एक दिन उनके मन में विचार आया, उन्होंने सोचा कि क्यों न वे अपने शिष्यों में ही योग्य वर की तलाश करें । ऐसा विचार कर उन्होंने बुद्धिमान शिष्य की परीक्षा लेने का निर्णय लिया, उन्होंने सभी शिष्यों को एकत्र किया और उनसें कहा- 'मैं एक परीक्षा आयोजित करना चाहता हूँ, इसका उद्देश्य यह जानना है कि कौन सबसे बुद्धिमान है।'

मेरी पुत्री विवाह योग्य हो गईं है और मुझें उसके विवाह की चिंता है, लेकिन मेरे पास पर्याप्त धन नहीं है, इसलिए मैं चाहता हूँ कि सभी शिष्य विवाह में लगने वाली सामग्री एकत्र करें, भले ही इसके लिए चोरी का रास्ता क्यों न चुनना पड़े। लेकिन सभी को एक शर्त का पालन करना होगा, शर्त यह है कि किसी भी शिष्य को चोरी करते हुए कोई देख न सके।

अगले दिन से सभी शिष्य अपने अपने काम में जुट गये । हर दिन कोई न कोई न कोई शिष्य अलग अलग तरह की वस्तुएं चुरा कर ला रहा था और गुरूजी को दे रहा था । राधे गुप्त उन वस्तुओं को सुरक्षित स्थान पर रखते जा रहे थे क्योंकि परीक्षा के बाद उन्हें सभी वस्तुएं उनकें मालिक को वापिस करनी थी।

परीक्षा से वे यही जानना चाहते थे कि कौन सा शिष्य उनकी बेटी से विवाह करने योग्य है। सभी शिष्य अपने अपने दिमाग से कार्य कर रहे थे। लेकिन उनमें से एक छात्र रामास्वामी, जो गुरुकुल का सबसे होनहार छात्र था, चुपचाप एक वृक्ष के नीचे बैठा कुछ सोच रहा था। उसे सोच में बैठा देख राधे गुप्त ने कारण पूछा. रामास्वामी ने बताया, 'आपने परीक्षा की शर्त के रूप में कहा था कि चोरी करते समय कोई देख न सके. लेकिन जब हम चोरी करते हैं, तब हमारी अंतरात्मा तो सब देखती है, हम खुद से उसे छिपा नहीं सकते, इसका अर्थ यही हुआ न कि चोरी करना व्यर्थ है।'

उसकी बात सुनकर राधे गुप्त का चेहरा प्रसन्नता से खिल उठा. उन्होंने उसी समय सभी शिष्यों को एकत्र किया और उनसें पूछा- 'आप सबने चोरी की.. क्या किसी ने देखा? सभी ने इनकार में सिर हिलाया. तब राधे गुप्त बोले 'बच्चों ! क्या आप अपने अंतर्मन से भी इस चोरी को छुपा सके?'इतना सुनते ही सभी बच्चों ने सिर झुका लिया। इस तरह गुरूजी को अपनी पुत्री के लिए योग्य और बुद्धिमान वर मिल गया। उन्होंने रामास्वामी के साथ अपनी पुत्री का विवाह कर दिया। साथ ही शिष्यों द्वारा चुराई गई वस्तुएं उनके मालिकों को वापिस कर बड़ी विनम्रता से क्षमा मांग ली।

शिक्षा :-

कोई भी कार्य अंतर्मन से छिपा नहीं रहता और अंतर्मन ही व्यक्ति को सही रास्ता दिखाता है। इसलिए मनुष्य को कोई भी कार्य करते समय अपने मन को जरुर टटोलना चाहिए, क्योंकि मन सत्य का ही साथ देता है।

भाग्य की तीसरी रोटी

एक सज्जन ने पत्नी के स्वर्ग वास हो जाने के बाद अपने दोस्तों के साथ सुबह शाम पार्क में टहलना और गप्पें मारना, पास के मंदिर में दर्शन करने को अपनी दिनचर्या बना लिया था। वह अपने दोस्तों से हमेशा भाग्य की तीसरी रोटी की चर्चा किया करते थे ।

हालांकि घर में उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं थी। सभी उनका बहुत ध्यान रखते थे, लेकिन आज सभी दोस्त चुपचाप बैठे थे क्योंकि उनका एक हम उम्र दोस्त नारायण धाम चला गया था।

सहसा वह बोले, 'आप सब हमेशा मुझसे पूछते थे कि मैं भगवान से तीसरी रोटी क्यों माँगता हूँ? आज बतला देता हूँ'

'क्या बहू तुम्हें सिर्फ तीन रोटी ही देती है ?' मजाकिया लहज़े में एक दोस्त ने पूछा।

'नहीं यार! ऐसी कोई बात नहीं है, बहू बहुत अच्छी है। असल में 'रोटी' चार प्रकार की होती है।'

पहली 'सबसे स्वादिष्ट' रोटी 'माँ' की 'ममता' और 'वात्सल्य' से भरी हुई। जिससे पेट तो भर जाता है, पर मन कभी नहीं भरता।

एक दोस्त ने कहा, सोलह आने सच, पर शादी के बाद माँ की रोटी कम ही मिलती है।'

उन्होंने आगे कहा 'हाँ, वही तो बात है।

दूसरी रोटी पत्नी की होती है जिसमें अपनापन और 'समर्पण' भाव होता है जिससे 'पेट' और 'मन' दोनों भर जाते हैं।',

क्या बात कही है यार ?' ऐसा तो हमने कभी सोचा ही नहीं।

फिर तीसरी रोटी किस की होती है?' एक दोस्त ने सवाल किया।

'तीसरी रोटी बहू की होती है जिसमें सिर्फ 'कर्तव्य' का भाव होता है जो कुछ कुछ स्वाद भी देती है और पेट भी भर देती है.. ... और वृद्धाश्रम की परेशानियों से भी बचाती है',

थोड़ी देर के लिए वहाँ चुप्पी छा गई।

'लेकिन ये चौथी रोटी कौन सी होती है ?' मौन तोड़ते हुए एक दोस्त ने पूछा-

'चौथी रोटी नौकरानी की होती है।

जिससे ना तो इन्सान का 'पेट' भरता है न ही 'मन' तृप्त होता है और 'स्वाद' की तो कोई गारँटी ही नहीं है',

तो फिर हमें क्या करना चाहिये यार?

माँ की हमेशा पूजा करो, पत्नी को सबसे अच्छा दोस्त बना कर जीवन जियो, बहू को अपनी बेटी समझो और छोटी मोटी ग़लतियाँ नज़रन्दाज़ कर दो..

बहू भी खुश रहेगी तो बेटा भी ध्यान रखेगा।

यदि हालात चौथी रोटी तक ले आये तो भगवान का आभार जताओ कि उसने जीवित रखा हुआ है..

और अब स्वाद पर ध्यान मत दो केवल जीने के लिए थोड़ा कम खाओ ताकि आराम से बुढ़ापा कट जाए।

बड़ी खामोशी से दोस्त सोच रहे थे वाकई हम कितने खुशकिस्मत हैं।

पारिवारिक मतभेद को जग ज़ाहिर ना करें

महाभारत काल में जब पांडव वनवास काल में थे तो अपना जीवन एक कुटिया में रहकर बिता रहे थे जिसके बारे में जब दुर्योधन को पता चला तो उसने पांडवों को नीचा दिखाने के लिए पूर्ण ऐश्वर्य के साथ वन में जाने की सोची ताकि वो पांडवों को ईर्ष्या से जलता देख सके । जब दुर्योधन वन के लिए निकला, तब उसकी रास्ते में गंधर्वराज से मुलाक़ात हुई। उसी वक्त दुर्योधन ने सोचा कि गंधर्वकुमार को हराकर पांडवों को अपनी ताकत का प्रमाण देने का अच्छा मौका है। ऐसा सोच उन्होंने गंधर्व राज पर आक्रमण कर दिया लेकिन गंधर्व राज अत्यंत शक्तिशाली थे । उन्होंने दुर्योधन को हरा दिया और उसे बंदी बना दिया । जब इसकी सूचना पांडवों को मिली तब युधिष्ठिर ने भाईयों को आदेश दिया कि वे जाकर दुर्योधन को वापस लायें । यह सुनकर भीम ने कहा – भ्राता ! यूँ तो दुर्योधन हमारा भाई है लेकिन वो सदैव हमारा अहित सोचता है तो ऐसे में उसकी मदद क्यों की जाये । तब युधिष्ठिर ने उत्तर दिया – भले ही हमारा और हमारे भाईयों का बैर है लेकिन वो एक घर की बात है जिसे जग ज़ाहिर करना ग़लत है । पारिवारिक झगड़े परिवार में ही रहे उसी में परिवार की इज्ज़त है। इसे यूँ प्रदर्शित करना पूर्वजों का अपमान है । बड़े भाई की आज्ञा मान पांडव गंधर्वराज से युद्ध करते हैं और दुर्योधन को छुड़ा लाते हैं ।

आज कल परिवार में झगड़े बढ़ते ही जा रहे हैं लेकिन ये आम बात है परन्तु इनका बखान अन्य के सामने करना ग़लत है । इससे जग हँसाई होती है और आपके परिवार की कमज़ोरी सभी के सामने उजागर होती है । परिवार में कितना ही बैर क्यों ना हो लेकिन विपत्ति में हमेशा अपनों का साथ देना चाहिये । आजकल आम बात है परिवार में मनमुटाव होना लेकिन अगर इसकी भनक दूसरों को लगती है तो वे आपका मजाक उड़ाते हैं । साथ ही इसका फायदा उठाकर आपको नुकसान भी पहुँचा सकते हैं । जिस तरह से अंग्रेजों ने आपसी मत भेद का फायदा उठाकर कई सालों तक हमारे देश पर राज किया ।

अगर आप परिवार के झगड़ों की बातें अन्य के सामने करते हैं तो आपके बुजुर्गों एवम उनके संस्कारों पर लोग प्रश्नचिन्ह लगाते हैं जिससे परिवार की साख मिट्टी में मिल जाती है । अतः जहाँ तक कोशिश हो पारिवारिक मनमुटाव को परिवार में ही रहने दें उसका बखान कर परिवार की नींव कमज़ोर ना करें ।

महाभारत में ऐसी कई घटनायें हैं जो हमें ज्ञान का पाठ एवम जीवन व्यवहार का ज्ञान देती हैं । जिन्हें पढ़कर एवम सुनकर या सुनाकर हम सीख एवम सिखा सकते हैं । कहानियाँ केवल मनोरंजन नहीं करती अपितु छोटे में बड़ा ज्ञान दे जाती हैं ।

Pavaan Vani

Dear Narayan Premiyo,

|| Narayan Narayan ||

Guru holds great importance in life. He is like the ray that brings light to life. Although it is not a formal title, every person from whom we acquire knowledge and improve our life is a Guru**. Our first teachers are our parents**, who along with giving birth, introduce us to our existence. They teach us to do the basic and essential tasks of life and prepare us for a meaningful life by giving good values. **The second guru is our family** from whom we learn the intimacy of relations, love, care, respect for each other, brotherhood, and harmony. Family fills you with a sense of belonging**. You meet your third Guru in your school**, who provides you with bookish knowledge so that you become an educated person by reading and writing, develop a sensible cooperative attitude towards life as well as the people you meet in life and become capable to fulfill your needs in the material world. **The fourth guru are your friends** who teach you that it is a relationship which is full of emotions and that they are always ready to cooperate with you. In this way, as you move forward in life, you meet many people from whom you learn something knowingly or unknowingly which helps you to lead a meaningful life. On this Guru Purnima, dedicate your life to such gurus. Do something that brings a smile on their face, and you are the reason for it. If you smile then your luck smiles but if someone else smiles because of you then this universe smiles, when the universe smiles then you easily achieve everything in life which is not in your destiny and live a meaningful life. This becomes a matter of pride to all those gurus who gave you beautiful clues of life, by adopting which you can give meaning to your life.

All good,

R. Modi

CO-EDITOR

Deepti Shukla 09869076902

EDITORIAL TEAM

Vidya Shastry 09821327562
Mona Rauka 09821502064

Main Office

Narayan Bhawan
Topiwala Compound, station road,
Goregaon (West), Mumbai.

Editorial Office

Shreyas Bunglow No 70/74 Near Mangal Murti
Hospital, Gorai link Road, Borivali (W) Mumbai -92.

Regional Office

AHMEDABAD	JAIWINI SHAH	9712945552
AKOLA	SHOBHA AGRAWAL	9423102461
AKOLA	RIYA AGARWAL	9075322783
AMRAVATI	TARULATA AGRAWAL	9422855590
AURANGABAD	MADHURI DHANUKA	7040666999
BANGALORE	KANISHKA PODDAR	7045724921
BANGALORE	SHUBHANGI AGRAWAL	9327784837
BANGALORE	SHUBHANGI AGRAWAL	9341402211
BASTI	POONAM GADIA	9839582411
BIHAR	POONAM DUDHANI	9431160611
BHILWADA	REKHA CHOUDHARY	8947036241
BHOPAL	RENU GATTANI	9826377979
CHENNAI	NIRMALA CHOUDHARY	9380111170
DELHI (NOIDA)	TARUN CHANDAK	9560338327
DELHI(NOIDA)	MEGHA GUPTA	9968696600
DELHI (W)	RENU VIJ	9899277422
DHULIA	RENU BHATWAL	878571680
GONDIYA	RADHIKA AGRAWAL	9326811588
GOHATI	SARLA LAHOTI	9435042637
HYDERABAD	SNEHALATA KEDIA	9247819681
INDORE	DHANSHREE SHIRALKAR	9324799502
JALANA	RAJNI AGRAWAL	8888882666
JALGAON	KALA AGARWAL	9325038277
JAIPUR	PREETI SHARMA	9461046537
JAIPUR	SUNITA SHARMA	8949357310
JHUNJHNU	PUSHPA DEVI TIBEREWAL	9694966254
ICHAKARANJI	JAY PRAKASH GOENKA	9422043578
KOLHAPUR	RADHIKA KUMTHEKAR	9518980632
KOLKATTA	SWETA KEDIA	9831543533
KANPUR	NEELAM AGARWAL	9956359597
LATUR	JYOTI BHUTADA	9657656991
MALEGAON	REKHA GARODIA	9595659042
MALEGAON	AARTI CHOUDHARY	9673519641
MALEGAON	AARTI DI	9518995867
MORBI	KALPANA CHOUARDIA	8469927279
NAGPUR	SUDHA AGRAWAL	9373101818
NANDED	CHANDA KABRA	9422415436
NAWALGARH	MAMTA SINGRODIA	9460844144
NASIK	SUNITA AGARWAL	9892344435
PUNE	ABHA CHOUDHARY	9373161261
PATNA	ARBIND KUMAR	9422126725
PURULIYA	MRIDU RATHI	9434012619
PARATWADA	RAKHI MANISH AGRAWAL	9763263911
RAIPUR	ADITI AGRAWAL	7898588999
RANCHI	ANAND CHOUDHARY	9431115477
SURAT	RANJANA AGARWAL	9328199171
SIKAR (RAJASTHAN)	SUSHMA AGARWAL	9320066700
SHRI GANGANAGAR	MADHU TRIVEDI	9468881560
SATARA	NEELAM KDAM	9923557133
SHOLAPUR	SUVARNA BALDEVA	9561414443
SILIGURI	AKANKSHA MUNDHRA	9564025556
TATA NAGAR	UMA ARAWAL	9642556770
ROURKELA	UMA ARAWAL	9776890000
UDAYPUR	GUNWATI GOYAL	9223563020
UBLI	PALLAVI MALANI	9901382572
VARANASI	ANITA BHALOTIA	9918388543
VIJAYWADA	KIRAN JHAWAR	9703933740
VARDHA	RUPA SINGHANIA	9833538222
VISHAKAPATTNAM	MANJU GUPTA	9848936660

INTERNATIONAL CENTRE NAME AND NUMBER

AUSTRALIA	RANJANA MODI	61470045681
